पत्रांक–14/निजी–997/2024–   /सा0प्र0

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना।
प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक–   /02/2026

विषयः– **श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–169/24, तत्कालीन बन्दोबस्त पदाधिकारी, औरंगाबाद सम्प्रति श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार, विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के प्रभार रहित अवधि के विनियमन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मंत्रिपरिषद् विघटन के उपरान्त श्री सुधांशु शेखर, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद से श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–169/24 द्वारा स्वतः प्रभार त्याग कर दिनांक–19.11.2025 के अपराह्न में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान दिया गया है।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–2000, दिनांक–28.01.2026 द्वारा श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, बि0प्र0से0 को बन्दोबस्त पदाधिकारी, औरंगाबाद के पद पर पदस्थापित किया गया। उक्त अधिसूचना के आलोक में श्री कुमार विनोद द्वारा दिनांक–02.02.2026 के पूर्वाह्न में अधिसूचित पद का प्रभार ग्रहण किया गया है।

3. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक संख्या–2481, दिनांक–03.02.2026 द्वारा श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–169/24 का प्रतीक्षारत अवधि दिनांक–19.11.2025 से दिनांक–28.01.2026 तक को विनियमित किया गया है।

4. अतः श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–169/24, तत्कालीन बन्दोबस्त पदाधिकारी, औरंगाबाद सम्प्रति श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार, विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) का दिनांक–29.01.2026 से दिनांक– 01.02.2026 तक देय उपार्जित छुट्टी के रूप में विनियमित किया जाता है।

5. उक्त अवधि में श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–169/24 को कोटि वेतन देय होगा।

6. प्रस्ताव में विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–14/निजी–997/2024– 3817 /सा0प्र0, पटना–15, दिनांक–24/02/2026

प्रतिलिपिः–श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, आप्त सचिव (सरकारी), श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार, विधान सभा, पटना/प्रबंधक, आई0टी0, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाइट एवं संबंधित पदाधिकारी के सेवा इतिहास पोर्टल पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/02.2026

सरकार के उप सचिव।